कोटद्वार, सोमवार
14 अप्रैल 2025
वर्षः 46
अंकः 325 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मरम्मत के दौरान गिरा छत के लेंटर का हिस्सा, ठेकेदार की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पदमपुर में एक भवन की मरम्मत के दौरान लेंटर का हिस्सा गिर गया। दुर्घटना में ठेकेदार की मौत हो गई। जबकि, दो श्रमिक घायल हो गए।

घटना रविवार दोपहर की है। पदमपुर में एक घर की मरम्मत का कार्य चल रहा था। शिब्बू नगर निवासी एक ठेकेदार नंद किशोर श्रमिकों के साथ मिलकर मरम्मत कार्य करवा रहा था। इसी दौरान मकान के लेंटर का हिस्सा नंद किशोर के ऊपर गिर गया। और उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। आनन फानन में आसपास मौजूद लोग उसे लेकर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेंटर गिरने से दो श्रमिक भी घायल हो गए, घायल श्रमिकों में गोरखपुर महुआ थाना परिंदा निवासी सदानंद पुत्र पलटू व मनिकोरा पुरंदरपुर निवासी रामचंद्र पुत्र छठ्ठू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय बेस चिकित्सायल में भर्ती करवा दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है।

### महिला की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के अंतर्गत निंबूचौड़ निवासी एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। निंबूचौड़ निवासी जया देवी 37 वर्ष पत्नी प्रशांत अपने घर के कमरे में बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। स्वजनों ने उसे राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया। जहां महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने महिला का पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने बताया कि मौत के पुख्ता कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही चलेगा।

### दिगोठी गांव में ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत

नई टिहरी। दिगोठी गांव में एक ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने चंबा थाना पुलिस को तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीती दस अप्रैल को चंबा थानाक्षेत्र के दिगोठी गांव निवासी रणवीर सिंह नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चंबा थानाध्यक्ष लखपत सिंह बुटोला ने बताया कि दस अप्रैल को दिगोठी गांव निवासी रणवीर सिंह नेगी (58) अपनी छानी के घर में अकेले थे। उनकी पत्नी कमली देवी खेतों में काम करने के लिये गांव गई थी। दस अप्रैल की सुबह जब ग्रामीण रणवीर सिंह की छानी में पहुंचे तो उनका शव वहां पर पड़ा था और उनके सिर पर चोट लगी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक रणवीर सिंह नेगी और उनकी पत्नी कमली देवी गांव में रहते थे। जबकि उनका बेटा और बेटी दिल्ली में रहते हैं। रणवीर सिंह के भाई रघवीर सिंह ने अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने इस संबंध में चंबा थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष बुटोला ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे श्रद्धालु की हृदयगति रूकने से मौत

चम्पावत। टनकपुर। मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जा रहे श्रद्धालु की हृदयगति रूकने से मौत हो गई है। उत्तर प्रदेश सरथल मुरादाबाद जिले के 57 वर्षीय शेष कुमार शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा अपने साथियों के साथ मुरादाबाद से अपने वाहन से माता पूर्णागिरि के दर्शन को आए थे। साथी अनिल कठोरिया, विशाल, रामगोपाल ने बताया कि ठूलीगाड़ में वाहन पार्किंग कर पैदल भैरव मंदिर पहुंचे। भैरव मंदिर के पास शेष कुमार ने स्वास्थ्य खराब होने की बात कही, उन्हें उपचार को भैरव मंदिर चिकित्सा केंद्र ले गए जहां उन्हें डॉक्टरों ने टनकपुर के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस में उपचार को लाते समय शेष कुमार ने दम तोड़ दिया। डॉ. आफताब अंसारी ने बताया कि श्रद्धालु की छाती में दर्द था, जिसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

# कत्यूरघाटी की समृद्ध कला, गौरवशाली संस्कृति को संवारेगा महोत्सवः धामी



बागेश्वर। भव्य सांस्कृतिक झांकी के साथ रविवार को तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुवल के माध्यय से कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि बैजनाथ की यह ऐतिहासिक भूमि 7वीं सदी में कत्यूर राजवंश की राजधानी रही है। कत्यूरी शासक अपनी समृद्ध कला, गौरवशाली संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं न्यायप्रिय शासन प्रणाली के लिए विख्यात थे। उन्होंने यहां प्राचीन बैजनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जो न केवल उत्तराखंड बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में आस्था का केंद्र है। भगवान शिव को समर्पित यह धाम कत्यूरी शासनकाल की स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। बैजनाथ भकुनखोला मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि केदारखंड की भांति मानसखंड में स्थित कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु भी कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में बैजनाथ धाम के साथ मां कोट भ्रामरी मंदिर का भी विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हाल ही में बागेश्वर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की है। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी ऐतिहासिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए आवश्यक हैं। कत्यूर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की संस्कृति एवं परंपराओं को उजागर करने का प्रभावी माध्यम है।

### विद्यार्थियों, महिला मंगल दलों ने निकाली झांकी

कार्यक्रम से पहले रविवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और महिला मंगल दल की महिलाओं ने गरुड़ से बैजनाथ तक भव्य सांस्कृतिक झांकी निकाली। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा अपने–अपने स्टॉल लगाकर जनसामान्य को उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं। स्कूली बच्चों ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया, जिसमें जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही परिधान प्रतियोगिता, ह्यशगुन आखर एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता समेत अनेक सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र गोस्वामी, चंद्रशेखर बड़सीला एवं नवीन किडमोलिया ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक प्रशासक हेमा बिष्ट, एसपी चंद्रशेखर आर. घोड़के, सीडीओ आर.सी. तिवारी, एडीएम ए.एस नबियाल, एसडीएम जितेंद्र वर्मा, डीडीओ संगीता आर्या, पर्यटन अधिकारी पी.के. गौतम, गोपाल दत्त भट्ट, गरुड़ नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, कपकोट गीता ऐठानी, सुरेश खेतवाल, सुनीता आर्या, इंद्र सिंह बिष्ट, घनश्याम जोशी, अंकित जोशी, हरीश जोशी, सुनील दोसाद, बब्लू नेगी, अल्मोड़ा दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

### यमुनोत्री धाम में धीमी गति से चल रही यात्रा तैयारी

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी में यात्रा व्यवस्थाओं के कार्यों में धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गहरी नाराजागी व्यक्त की है। यहां पार्किंग के आसपास गत वर्ष आपदा से हुए नुकसान का सुधारीकरण तथा समतालीकरण का कार्य अभी तक नहीं हो पाया है। जबकि यात्रा के लिए महज 15 दिन शेष रहे गए हैं।

इस परिस्थिति में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि गत वर्ष आपदा से जानकी चट्टी में पार्किंग तथा स्व.राजेन्द्र सिंह रावत की मूर्ति के आसपास जगह–जगह मलबे के ढेर लग गए थे। जिसको आज तक भी नहीं हटाया जा सका है। इसके साथ ही गत वर्ष जिन स्थानों से सुरक्षा की दृष्टिगत अतिक्रमण हटाया गया था, उन स्थानों पर उबड़ खाबड़ व गड्ढे बने हुऐ हैं, जिनका सुधारीकरण कार्य अभी तक नहीं किया जा सका है। यदि यात्रा शुरू होने से पहले इन गढ़ों को ठीक नहीं किया गया और मलबे को नही हटाया गया, तो देश विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# उत्तराखंड में जगहों के बाद बदले गए स्कूलों के नाम

### शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया निर्णय

देहरादून। उत्तराखंड में बीते दिनों राज्य की कई जगहों के नाम बदल दिए गए थे। इस पर विपक्ष काफी हमलावर भी हुआ था। अब धामी सरकार ने स्कूलों के नाम बदलने का फैसला लिया है। सरकार ने इसके पीछे की वजह बताते हुए कहा कि यह निर्णय शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया है। नाम में ये बदलाव देहरादून, टिहरी गढ़वाल और पौडी गढ़वाल जैसी जगहों के स्कूलों में हुए हैं।

**स्कूल बदलने की वजह**

धामी सरकार द्वारा नाम बदलने का निर्णय राजकीय इंटर कॉलेज के लिए लिया है। जिन जगहों के स्कूलों के नाम बदले गए हैं, उनके नाम टिहरी गढ़वाल, चम्पावत, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल है। इन सभी कॉलेजों के नाम में अब तक किसी शहीद का नाम शामिल नहीं था। धामी सरकार ने शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से इन कॉलेजों के नाम में बदलाव किए हैं।

**स्कूलों के बदले गए नाम**

1– राजकीय इंटर कॉलेज थाती बूढ़ाकेदार, टिहरी गढ़वाल का नाम बदलकर शहीद हवलदार बचन सिंह नेगी राजकीय इंटर कॉलेज थाती बूढ़ाकेदार, टिहरी गढ़वाल किया गया है।

2– राजकीय इंटर कॉलेज दुबचौडा चम्पावत का नाम बदलकर शहीद लांस नायक विक्रम सिंह राजकीय इंटर कॉलेज दुबचौड़ा, चम्पावत, कर दिया गया है।

3– राजकीय इंटर कॉलेज हटाल (चकराता), देहरादून का नाम बदलकर स्व० पंडित झांऊराम शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज हटाल, (चकराता) देहरादून कर दिया गया है।

4– राजकीय इंटर कॉलेज सैंधर (बीरोंखाल) पौडी गढ़वाल का नाम बदलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० शम्भू प्रसाद जोशी राजकीय इंटर कॉलेज सैंधर, (बीरोखाल) पौडी गढवाल कर दिया गया है।

**सामने आई परंपरा की बात**

आपको बता दें कि राज्य में स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखने का प्रावधान है। इसलिए धामी सरकार ने इसे ध्यान रखते हुए ये बदलाव किए हैं।

# हल्द्वानी के वनभूलपुरा में 6 अवैध मदरसों को किया सील



हल्द्वानी। उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ धामी सरकार का ऐक्शन जारी है। हल्द्वानी में रविवार को पांच अवैध तौर से संचालित मदरसों को सील कर दिया गया। अवैध मदरसों को सील करने से पहले प्रशासन की टीम द्वारा जरूरी कागजातों की जांच की गई। प्रशासन का दावा है कि ये मदरसे मान्यता प्राप्त नहीं थे। आपको बता दें कि हल्द्वानी का वनभूलपुरा वही इलाका है, जहां 2024 को अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पुलिस–प्रशासन की टीम पर पत्थरबाजी हुई थी। हिंसक घटना में लोगों के मरने के साथ ही कई पुलिसकर्मी व स्थानीय निवासी भी घायल हुए थे।हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध मदरसों पर रविवार को प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सुबह पुलिस व प्रशासन की टीम वनभूलपुरा थाने में एकत्रित हुई।

एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने थाना वनभूलपुरा क्षेत्रान्तर्गत स्थित अवैध मदरसो के सत्यापन/सीलिंग की कार्यवाही किये जाने ओर कानून व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ किया। सभी को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने एवं शालीनता पूर्वक व्यवहार करने निर्देश दिए गए। एडीएम विवेक राय ने बताया कि पूर्व में चार सदस्यीय टीम बनाई गई थी। जिसने वनभूलपुरा क्षेत्र में सर्वे किया गया और विधिक तौर पर संचालित नहीं हो रहे मदरसों को चिन्हित किया गया। चिन्हित किए गए 18 मदरसों पर आज सीलिंग की कार्रवाई होनी है। रविवार दोपहर तक 6 मदरसों पर कार्रवाई की जा चुकी थी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सीओ नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी राजेश कुमार यादव, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी समेत अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

### राजमार्गों पर दो वर्षों में सरकार खर्च करेगी 10 लाख करोड़, पूर्वोत्तर पर खास ध्यान

नईदिल्ली,केंद्र सरकार अगले 2 साल में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ये बात कही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सीमा से नजदीकी देखते हुए देश के पूवोत्तर इलाकों पर खास ध्यान दिया जाएगा और 2 सालों में वहां के राजमार्ग अमेरिकी राजमार्गों के अनुरूप होंगे। गडकरी ने कहा, हम अगले 2 साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूवोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले 2 वर्षों में पूवोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूवोत्तर के कठिन भूभाग और सीमा से नजदीकी देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री गडकरी ने बताया कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

# झुग्गी–झोपड़ियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



देहरादून। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के विकास नगर क्षेत्र में झुग्गी–झोपड़ियों के खिलाफ बुलडोजर ऐक्शन पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि ध्वस्तीकरण नोटिस प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और जस्टिस आशीष नैथानी की खंडपीठ ने शनिवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि निवासियों को सुनवाई का मौका दिए बिना ही ध्वस्तीकरण नोटिस जारी कर दिए गए। ऐसे में यह अदालत अगले आदेश तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगाती है।


जनहित याचिका में कहा गया है कि पीड़ित देहरादून जिले के विकास नगर के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। ये लोग देश के वैध नागरिक हैं। इन लोगों को 5 अप्रैल को ध्वस्तीकरण का नोटिस मिला था। इस नोटिस में कहा गया था कि उनकी संपत्तियां ध्वस्त की जानी हैं क्योंकि ये नालियों, मौसमी नदियों और नालों पर बनी हैं। याचिका में दावा किया गया था कि प्रशासन ने संपत्ति का विवरण जाने बिना ही नोटिस जारी कर दिया।

याचिका में यह भी कहा गया है कि नोटिस पाने वाले अधिकांश लोग अशिक्षित और समाज के निचले तबके से आते हैं। इन्हें प्रशासन के ऐक्शन के बारे में उचित जानकारी नहीं है। याचिका में यह भी दावा किया गया कि जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उनके पास अपना स्वामित्व साबित करने के लिए वैध संपत्ति के दस्तावेज हैं।

इन संपत्तियों में से अधिकांश का जल निकायों और नदियों से कोई लेना–देना नहीं है। याचिका में आगे यह भी दलील दी गई है कि क्षेत्र की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि जिन लोगों को ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किए गए हैं, ये लोग मौसमी नदी, नालों और जल निकायों से दूर रहते हैं। याचिका में यह भी बताया गया है कि पीड़ित 15 अप्रैल तक हाईकोर्ट में सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, अपने स्वामित्व को साबित करने वाले संपत्ति के दस्तावेज दाखिल करेंगे।

# भारत–म्यांमार समेत 3 एशियाई देशों में आया भूकंप

**● एक घंटे के भीतर कई बार कांपी धरती**



नईदिल्ली ,13 अप्रैल को एक घंटे के भीतर 3 एशियाई देश भूकंप से झटके से कांप उठे। भारत, म्यांमार और ताजिकिस्तान में एक घंटे के भीतर भूकंप के 4 झटके महसूस किए गए। अभी तक इन भूकंप में किसी तरह के जान–माल के नुकसान की खबर नहीं है। 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप से जूझ रहे म्यांमार के शहर मीकटिला में आज फिर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के मंडी में आज सुबह 9:18 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 3.4 मापी गई। इसका केंद्र सुंदरनगर के जयदेवी क्षेत्र में जमीन से 5 किलोमीटर नीचे स्थित था। हालांकि, भले ही भूकंप की तीव्रता कम थी, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसके झटके महसूस किए और घबराकर अपने–अपने घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले 23 फरवरी को भी मंडी में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। ताजिकिस्तान में भी आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूरोपीय–भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ये भूकंप आज अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 4:24 बजे खुजंद शहर से 180 किलोमीटर दूर दक्षिण–पूर्व में आया। इसका केंद्र पृथ्वी की सतह से 16 किलोमीटर नीचे और तीव्रता 6.1 थी। इसके करीब आधे घंटे बाद ही 3.9 तीव्रता का एक और भूकंप आया।

### कोर्ट ने मुख्य आरोपी सैदुल अमीन को सात दिन की पुलिस रिमांड पर

जालंधर, पंजाब के जालंधर में पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में गिरफ्तार आरोपी सैदुल अमीन का पुलिस ने रविवार को सिविल अस्पताल में मेडिकल कराया। इसके बाद उसे जज आकाशदीप की अदालत में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी की 10 दिन की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने सात दिन की रिमांड मंजूर की। पुलिस ने शनिवार को आरोपी सैदुल अमीन को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। बता दें कि आरोपी सैदुल अमीन ने 7–8 अप्रैल की मध्यरात्रि को भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमला किया था। अभिजोत ने इस हमले के लिए धन उपलब्ध कराया था। हरियाणा पुलिस ने फिरौती के एक मामले में मुठभेड़ के दौरान अभिजोत को गिरफ्तार किया, जिसमें वह गोली लगने से घायल हो गया था। अभिजोत वर्तमान में अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीजीपी गौरव यादव ने शनिवार को बताया था कि अभिजोत ने ही हैरी को ऑनलाइन फंडिंग प्रदान की थी। वहीं, सैदुल अमीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अभी कुछ अन्य गिरफ्तारियां होनी बाकी हैं। आईएसआई एजेंसी द्वारा पंजाब में अशांति फैलाने की साजिश के तहत ये हरकतें की जा रही हैं।

# बैशाखी स्नान पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हाईवे रहा जाम



हरिद्वार। बैशाखी पर्व पर शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हरकी पैड़ी समेत अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद मंदिरों में दर्शन कर सुख–समृद्धि की कामना की। इधर वाहनों की भीड़ के कारण हाईवे पर तीन किलोमीटर लंबा जाम लगा।

सुबह से शाम तक वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे। रूट डायवर्ट करने के बाद भी हरिद्वार में दिनभर जाम लगा रहा। बैशाखी स्नान के लिए श्रद्धालु सुबह से ही हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पहुंचने लगे थे। हर–हर गंगे, जय मां गंगे के जयघोष के साथ स्नान का क्रम शुरू हुआ और दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। हरकी पैड़ी गंगा घाट के साथ ही मालवीय घाट, कांगड़ा घाट, नाई सोता घाट, सुभाष घाट, गऊ घाट पर भी श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते दिखे। मंदिरों में दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान, गंगा पूजन, दुग्धाभिषेक और दान पुण्य भी किया। हरकी पैड़ी क्षेत्र के मंदिरों के अलावा मां मनसा देवी, चंडी देवी, माया देवी, दक्षेश्वर महादेव आदि मंदिरों में दर्शन को श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखी। गंगा स्नान को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन किए। साथ ही दान पुण्य कर सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री गंगा महासभा और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जगह–जगह घाटों पर जल पुलिस के गोताखोर भी मुस्तैद दिखे।

# पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसाः मुर्शिदाबाद में 3 की मौत, इंटरनेट बंद



कोलकाता , पश्चिम बंगाल के कम से कम 3 जिलों में वक्फ कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। सबसे ज्यादा खराब हालात मुर्शिदाबाद में है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना, हुगली और मालदा में भी हिंसक प्रदर्शन हुए हैं।

राज्य में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है और पुलिस ने 138 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद राज्य में केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों के 1,600 जवान तैनात किए हैं। हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में करीब 300 सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के अलावा 5 और कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद है और लोगों के जुटने पर भी पाबंदी है।

बीती रात राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी मुर्शिदाबाद पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने हिंसा प्रभावित शमशेरगंज में रूट मार्च भी किया। कलकत्ता हाई कोर्ट ने हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति आने पर अदालत अपनी आंखें बंद नहीं रख सकती।कोर्ट ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार दोनों से विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। ये आदेश पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। बीते दिन मुर्शिदाबाद के धुलियान में रहने वाले पिता–पुत्र की भीड़ ने हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास और चंदन दास के तौर पर हुई है। वहीं, तीसरा मृतक 17 साल का एजाज अहमद शेख है, जिसे सुती में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली लगी थी।

### पीएम मोदी आज हरियाणा में रेवाड़ी बाईपास का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा जाएंगे। वह हिसार हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे और सुबह करीब 10:15 बजे हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी दोपहर बाद लगभग 12:30 बजे यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। उन्होंने अपने दौरे की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, अम्बेडकर जयंती पर कल (सोमवार) का दिन हरियाणा की विकास यात्रा को समर्पित रहेगा। सुबह करीब 10:15 बजे हिसार–अयोध्या के बीच कमर्शियल फ्लाइट का शुभारंभ और एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करूंगा। दोपहर बाद यमुनानगर में भी कई परियोजनाओं से जुड़ा कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 410 करोड़ रूपए से अधिक होगी।

# तहव्वुर राणा ने हिरासत में मांगा कुरान

### अन्य शहरों में भी थी धमाके की योजना




नईदिल्ली ,मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगातार पूछताछ कर रही है। शनिवार को राणा से दूसरे दिन पूछताछ की गई। वहीं, हिरासत में राणा ने 3 चीजों की मांग की है। इसमें कुरान, कागज और कलम शामिल है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि राणा के साथ कोई विशेष व्यव्हार नहीं किया जा रहा है।

वहीं, मुंबई के बाद राणा अन्य शहरों में भी धमाके की योजना बना रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, राणा कई और शहरों पर भी हमला करना चाहता था। इनमें दिल्ली, गोवा और राजस्थान का पुष्कर शामिल है। दिल्ली में भारतीय सेना के अधिकारी की पढ़ाई के लिए बना नेशनल डिफेंस कॉलेज और पहाड़गंज में स्थित चाबड़ हाउस राणा के निशाने पर था। चाबड़ हाउस को इजरायल से आने वाले पर्यटक भारत में अपना घर मानते हैं। इसके अलावा पैगंबर मोहम्मद के विवादित कार्टून छापने के लिए डेनमार्क पर भी हमला किया जाना था। एनआईए राणा के वॉयस सैंपल ले सकती है।

## एक नजर

### सोनप्रयाग हनुमान मंदिर में हुई हनुमान और शिव की मूर्ति स्थापना

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय के कुदरत बाबा स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिनों से चल रहा सुंदरकांड का रविवार को पूजा अर्चना और हवन के साथ समापन हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। वहीं सोनप्रयाग में भी हनुमान मंदिर में भगवान शंकर और हनुमान की मूर्ति स्थापना की गई। केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव सोनप्रयाग में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन हवन के बाद भगवान भोले शंकर और भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई। बीते दिनों सोनप्रयाग बाजार में स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा मंदिर में रखी मूर्ति खंडित कर गई थी, जिसका स्थानीय व्यापारियों ने विसर्जन किया था। रविवार को व्यापारियों के सहयोग से पुनः मंदिर में पूजन हवन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर हनुमान की मूर्ति स्थापित की। हनुमान मंदिर में दो दिवसीय पूजन हवन कार्यक्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापित की गई। इसके साथ ही व्यापारियों ने मंदिर में भगवान शंकर की मूर्ति भी पूजा अर्चना एवं प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की। जिसमें व्यापार संघ द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### नुक्कड़ नाटक से किया छात्राओं ने लोगों को जागरूक

रुद्रप्रयाग। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से स्वीप कार्यक्रम को लेकर राबाइंका अगस्त्यमुनि की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को शपथ ली। रविवार को अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की अनिवार्यता को रोचक व सारगर्भित तरीके से दर्शाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने सैकड़ों उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी उपस्थित जनों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। संकल्प लिया गया कि वह स्वयं मतदान करेंगे और अपने आस–पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर विक्रम सिंह झिंक्वाण, त्रिलोक सिंह रावत, मनोज दरमोड़ा, नीलम करासी, स्वीप टीम के सक्रिय सदस्य अमित कंडारी एवं पीयूष शर्मा, शिक्षिका कुसुम रावत, प्रीती आदि मौजूद थे।

### बिजली और गैस के दाम बढ़ाने का विरोध किया

नई टिहरी। माकपा के जिला सचिव भगवान सिंह राणा का कहना है कि उत्तराखंड में बिजली दरों में 5.62 प्रतिशत के इजाफे के बाद बीपीएल सहित आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली जैसी आवश्यक चीज तक पहुंच कमजोर पड़ेगी। जबकि उर्जा प्रदेश में तो उपभोक्ताओं को मुफ्त में बिजली मिलनी चाहिए थी, क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों में पन बिजली परियोजनाओं के निर्माण के दौरान यहां के नागरिकों ने प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर अपना योगदान दिया है। इसलिए बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को धामी सरकार की मंजूरी गैर जरुरी और जनविरोधी निर्णय है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इस बढ़ोतरी की निंदा करती है और की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग करती है। कहा कि एक सप्ताह के भीतर उर्जा के दो प्रमुख स्त्रोतों ( गैस और बिजली) पर डबल इंजन सरकारों द्वारा बढ़ोत्तरी कर आम लोगों को परेशान करने का काम किया है। इससे साबित होता है कि जन कल्याणकारी सरकार होने का दावा झूठा है।

### ओलावृष्टि से प्रभावित काश्तकारों को मुआवजा देने की मांग

नई टिहरी। प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने सीएम पुष्कर धामी को पत्र प्रेषित कर ओलावृष्टि से प्रभावित काश्तकारों को मुआवजा देने की मांग की है। सीएम को लिखे पत्र में विधायक ने कहा है कि गत दिनों पहाड़ों में हुई बारिश व ओलावृष्टि से काश्तकारों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। टिहरी जिले के प्रतापनगर विधानसभा के तहत पट्टी ढुंगमंदार, धारमंडल, ओण, रैका, जुआ, उदयपुर, रौणद रमोली, उपली रमोली व विकास खंड प्रतापनगर, जाखनीधार, थौलधार में भारी ओलावृष्टि व बारिश से गेहूं, मटर, बीन, मसुर की फसल के साथ आम, लीची, आड़ू, खुमानी, सेब, नाशपाती सब्जी को भारी नुकसान हुआ है। पेड़ पर आए बौर तेज आंधी व ओलावृष्टि से फल झड़ गए है। बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित काश्तकारों के नुकसान का जायजा लेकर काश्तकारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

# शो-पीस बनी स्ट्रीट लाइट, नींद में निगम



कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड में लगी स्ट्रीट लाइट

## नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में खराब पड़ी है लाइट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में रोशनी के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइट केवल शो–पीस बनकर रह गई है। नतीजा, रात के अंधेरे में आमजन का आवागमन करना भी मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी नगर निगम स्थिति को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। सबसे अधिक परेशानी जंगल से सटे वार्डों में बनी हुई है।

तीन वर्ष पूर्व नगर निगम ने 48 लाख की लागत से वाडी में दो हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिन तो वार्डों में खूब रोशनी रही। लेकिन, वर्तमान में अधिकांश स्ट्रीट लाइट शोपीस बन चुकी है। ऐसे में वार्डों में चारों ओर अंधेरा छाया रहता है। रात के समय लोगों का सड़क पर गलियों में चलना भी मुश्किल हो जाता है। कुंभीचौड़ निवासी मोहन सिंह रावत, राजेंद्र कुमार ने बताया कि नगर निगम बेहतर विकास के दावे कर रहा है। लेकिन, एक स्ट्रीट लाइट तक ठीक नहीं करवाई जा रही है। निगम की कई स्ट्रीट लाइट तो सुबह के समय प्रकाश फैलाती हैं और रात के अंधेरे में बंद हो जाती हैं। हालांकि, कुछ दिन पूर्व नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने शहरवासियों को जल्द समस्या के निराकरण का आश्वासन भी दिया है।

### जगंली जानवरों का खतरा

जंगल से सटे लालपानी, रामपुर, सनेह, ध्रुवपुर, ग्रास्टनगंज, गिवईस्त्रोत, सिगड्डी, झंडीचौड़ क्षेत्र में लाइट खराब होने से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। कई बार जंगली जानवर रात के अंधेरे में मार्ग पर आ धमक जाते हैं। बावजूद इसके नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यही नही वार्ड में कई स्थानों पर आस-पास दो-तीन लाइटें लगी हुई हैं, जबकि जिन जगहों पर सबसे अधिक अंधेरा है, वहां पर लाइट नहीं लगाई गई हैं।

## चौपाल में बताई बिजली, पानी व सड़क की समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शिवराजपुर में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने महापौर शैलेंद्र रावत को बिजली, पानी, सड़क, पेंशन की समस्याओं से अवगत करवाया।भारतीय जनता पार्टी की तरफ से गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है, जिसके तहत शिवराजपुर में चौपाल का आयोजन किया गया। शिवराजपुर क्षेत्र के लोगों ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत के सम्मुख बिजली, पानी, सड़क व पेंशन प्रकरणों को उठाया। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने लोगों की समस्याओं का हर हाल में समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पार्षद दीपक पाठक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे पहाड़ के बच्चे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पहाड़ के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए एनएसएस, आईआईटी दिल्ली की ओर से सतपुली के मलेथी (खेरासैण) में दो महीने की प्रतियोगी परीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला 11 मई से 13 जुलाई तक चलेगी। जिसमें विद्यार्थी जेईई, एनईईटी, एनडीए सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निश्शुल्क तैयारी करवाई जाएगी।

हिमालयन विद्या दान ट्रस्ट के प्रमुख व आईआईटी दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी जेपी डबराल ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही प्रत्येक बच्चे को प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी देने के लिए यह मुहीम तैयार की गई है। 11 मई से 13 जुलाई तक चलने वाली इस योजना में कक्षा नौ से 12 के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। कहा क इससे पहाड़ के बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। जिससे वह देश की महत्वपूर्ण संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इससे पूर्व वर्ष 2017 में इस तरह की कार्यशाला दुगड्डा, पौखाल, खैरासैंण, चमोली, नारायण बगर व मैठाणा में भी हो चुकी है।

सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी 20 अप्रैल से इसके लिए आनलाइन स्क्रीनिंग परीक्षा दे सकते हैं। साथ ही योजना में योगदान दे रहे रवि शंकर से भी इस बारे में चर्चा कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को अपने साथ बिस्तर, बर्तन व स्टेशनरी सामग्री लानी होगी। बताया कि उनका ट्रस्ट पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी अपना योगदान दे रहा है।

# रांसी गेस्ट हाउस का संचालन हुआ शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः पिछले लंबे समय से उपेक्षित पडे पौड़ी मुख्यालय के पर्यटन विभाग के रांसी गेस्ट हाउस के दिन बहुर गए है। कुछ समय पूर्व सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने डीएम पौड़ी के साथ इस गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया था। तब इसकी हालत खस्ता बनी हुई थी। सांसद अनिल बलूनी ने इस गेस्ट हाउस को लेकर पर्यटन विभाग के अफसरों के साथ विस्तृत चर्चा की और इसे ठीक करने के निर्देश भी दिए थे। अब पर्यटन विभाग ने न सिर्फ इस गेस्ट हाउस को ठीक किया बल्कि इसका संचालन भी पीपीपी मोड़ पर शुरू कर दिया है। जिला पर्यटन अधिकारी केएस नेगी के मुताबिक पिछले करीब चार सालों से ये गेस्ट हाउस बन नही पा रहा था। अब इसे पूरी तरह ठीक कर लिया गया है और इसका संचालन भी शुरू हो गया है। गेस्ट हाउस के संचालित होने के बाद सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने भी कहा है कि एक सकारात्मक सोच व र सार्थक पहल पौड़ी रांसी के उपेक्षित गेस्ट हाउस का सफल संचालन हो पाया हैउन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी जानकारी साझा करते हुए कहा है कि कुछ दिनों पहले जिलाधिकारी के साथ पौड़ी भ्रमण के दौरान आकर्षक एवं मनोरम स्थल पर स्थित इस वीरान पड़े भवन की जानकारी ली थी। इस भवन को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई। इसके बाद उपेक्षित यह स्थल अब पर्यटकों की आवाजाही के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है। उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए कहा कि बेहद कम समय में यह गेस्ट हाउस तैयार हुआ है और यह पौड़ी के पर्यटन में चार चांद लगाएगा। गढ़वाल सांसद ने कहा कि उत्तराखंड ऐसी सुन्दर और आकर्षक स्थलों से परिपूर्ण है, उनको निखारने और संवारने की पहल की जरूरत है। कहा कि ये एक शुरुआत है और यह अभियान आगे बढ़ेगा जो गढ़वाल को तीर्थाटन के साथ पर्यटन के रूप में प्रतिष्ठित करेगा।

## वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर की चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः जिला अधिवक्ता संघ के विधि भवन में बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उच्च न्यायालय नैनीताल के पूर्व अध्यक्ष डीसीएस रावत द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में अधिक्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने देश में वन नेशनल वन इलेक्शन के फायदे के बारे में बताया। बैठक में सर्वसम्मति से एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में प्रस्ताव सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को भेजा जाएगा। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र रतूड़ी, पीएस नेगी, पीवी पंत, आशीष जदली, महेश बलूनी, अभिषेक सजवान, मयंक शर्मा, आमोद नैथानी, मनीष रंजन, मुकेश जुयाल, रश्मि, गौरव गैरोला, मुकेश जुयाल, विजय सिंह नेगी, जितेंद्र भट्ट, रजनी, दीपक मिश्रा, चेतन कोहली, रवि चौधरी आदि शामिल रहे।

# भगवान श्री राम व हनुमान की भजनों की रही धूम

## श्री सिद्धबली मंदिर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली धाम में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान श्रोता भगवान श्री राम व हनुमान के भजनों को झूमते रहे। कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे साधे बैंड ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सप्रथम साधो बैंड के भजन गायक धननजय शाही व अश्वनी शाही ने भगवान शिव की स्तुति प्रस्तुत की।

तत्पश्चात भजन गायकों ने नगरी हो अयोध्या सी.., राम आएंगे.., नगरी हो प्रयागराज जैसी.., राम राम रटते रहो.., श्री राम जानकी.., राम सिया राम, सिया राम जै जै राम.., जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इससे पहले क्षेत्र की कीर्तन मंडलियों ने भी कीर्तन भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर मंदिर समिति की हनुमान चालीसा का पाठ करवाने वाले दस विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। मंदिर समिति के सदस्य रवींद्र जजेडी ने कहा कि आने वाले समय में पूरे कोटद्वार की विद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा।



श्री सिद्धबली मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते साधो बैंड के गायक

# सनातन महापरिषद की कार्यकारणी का विस्तार, कंचन बनी प्रदेश संगठन मंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** सनातन महापरिषद, भारत की कार्यकारणी का विस्तार किया गया। जिसमें कोटद्वार निवासी कंचन सुंडली को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के साथ ही सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत व डा.रामानुज वर्मा ने पदाधिकारियों को केसरिया पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि महापरिषद लगातार सनातन धर्म की रक्षा व इसके प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दे रही है। युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए भी ली समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत मनोज ईष्टवाल को प्रदेश अध्यक्ष, मयंक भरद्वाज को कार्यकारी अध्यक्ष व कंचन सुंडली को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान श्री राम कथा वाचक डा.ओमप्रकाश ने सुंदर कांड की भी प्रस्तुति दी। इस मौके पर सीएम सिंह, सीएम पांडे, उत्तम कुमार, अशोक असवाल, दीपक वर्मा, विनोद कुमार राय, अमरेंद्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद जुयाल, महेन्द्र सिंह राणा, प्रेम सिंह बिष्ट, पूरन बिष्ट, प्रताप सिंह जंगलिया, विनय कुमार, टीएस राना, एस के मालकोटी, एके सक्सेना, एनएस नेगी, दिव्या वर्मा, सुनंदा असवाल, रजनी राणा, नीलम जुयाल अशोक असवाल आदि मौजूद रहे।



सनातन महापरिषद, भारत के कार्यक्रम में मौजूद नव पदाधिकारी

## मंडल अध्यक्ष बनने पर जताई खुशी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः सुनील चौहान को नैनीडांडा भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के भाजपाइयों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामना दी है। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सुनील चौहान ने जिला व प्रदेश संगठन सहित विधायक दिलीप रावत व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। सुनील चौहान का कहना है कि अपने दायित्व का निर्वाह यथा संभव पूरी जिम्मेदारी के साथ करने का प्रयास करूंगा। पूर्व मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी, सुरेंद्र प्रताप, एमडी रावत, प्रशांत कुमार, ललित पटवाल, रेखा देवी, नीलम मैंदोलिया, मुन्नी ध्यानी, प्रकीर्ण नेगी, संजय गौड़, तेजपालसिंह, मनोज खर्कवाल, गोविंद सिंह, विजयपाल, भारत भंडारी, अर्जुन रावत, देवेश्वरी, भारती नेगी, जोगेश्वर शाह, कमला कंडारी, किरन शर्मा, सत्यपाल सिंह, सुरेंद्र रावत, दीनदयाल, सुरेंद्र नाथ, राजेंद्र, धीरेंद्र, बीरेंद्र, आदि भाजपाइयों ने सुनील चौहान को बधाई व शुभकामना दी है।

# डा.भीमराव अंबेडकर के जीवन की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में अंबेडकर जयंती के पूर्व दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा.भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.मनोज उप्रेती व कार्यक्रम अधिकारी डा.भारती ने किया। प्राचार्य प्रो.मनोज उप्रेती ने कहा कि अंबेडकर जयंती हर साल 14 अप्रैल को डा.भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर मनाई जाती है। डा.भारती ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर ने हमारे देश को न केवल संविधान दिया, बल्कि भारत के केंद्रीय बैंकिंग संस्थान भारतीय रिजर्व बैंक के गठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहेब अंबेडकर जयंती की शुरुआत 1990 में हुई थी।

यह दिन पूरे देश में व्यापक रूप से मनाया जाता है, क्योंकि अंबेडकर का दर्शन आज भी वर्तमान समाज के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कई सामाजिक आंदोलन का नेतृत्व किया तथा जीवन भर निर्बल लोगों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। वे एक राजनीतिक, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री व दार्शनिक थे। तत्पश्चात सभी प्राध्यापकों ने छात्रों को अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई।

# भाजपाइयों ने सुंदरकांड का पाठ किया

नई टिहरी, भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के तहत पोलिंग बूथ पर रात्रि विश्राम के तहत टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने चम्बा ब्लॉक के पटूड़ी गांव में रात्रि विश्राम किया।

जहां पर विधायक की मौजूदगी में भाजपाइयों ने सुंदर कांड का आयोजन भी किया। विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील कर कहा कि बूथों को मजबूतर करने का तत्परता से करें और पार्टी की रीती–नीती को जन–जन तक पहुंचायें। सुंदर कांड के पाठ के उपरान्त विधायक किशोर उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हनुमान जी चिरंजीवी हैं। क्योंकि जब हनुमान ने माता सीता को अशोक वाटिका में प्रभु श्रीराम की अंगूठी देकर माता को अपार सुख की अनुभूति प्रदान करवाई और श्रीराम के प्रति बजरंगबली के समर्पण को देखते हुए उनको चिरंजीवी होने का वरदान दिया। उन्होंने कहा कि जहां पर भी सच्ची श्रद्धा के साथ भगवान श्री हनुमान के सुंदरकांड का पाठ होता है। वहां स्वयं परम राम भक्त हनुमान विराजमान होकर पाठ को सुनते हैं। अपना पूर्ण आशीर्वाद उस परिवार व ग्राम को प्रदान करते है। हनुमान को कलयुग का देवता भी माना जाता है, क्योंकि वे चिरंजीवी हैं और आज भी पृथ्वी पर मौजूद हैं। भक्तों की मदद करते हैं।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच

श्रीनगर गढ़वाल। बैसाखी पर्व पर राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन (एनएमओ) की स्थानीय इकाई ने केबी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, मढ़ी चौरास में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। शिविर में 150 मरीजों का जांच व उपचार किया गया। शिविर का संचालन वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर के डा. अमन भारद्वाज के नेतृत्व में हुआ। शिविर में नारायणा डेंटल क्लिनिक के डा. देवेश ममगाई सहित डा. अखिल राणा, डा. जय प्रकाश तिवारी, डा. दीपिका चौहान व अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इसके साथ ही एमबीबीएस छात्रों ओम, यश और अन्य ने शिविर की व्यवस्थाओं में अहम भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह बर्थवाल ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से जहां स्थानीय लोगों को अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करने का अवसर प्राप्त होता है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में प्रदीप भट्ट, सुमन भट्ट, मीनू, बिंदु, पूजा, रेखा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राम-सीता, लक्ष्मण व हनुमान के किरदार ने मोहा मन



कोटद्वार के रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः हनुमान जयंती पर जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। इस दौरान भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान के किरदार में आए विद्यार्थियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पंड़ित राजेश कैथोला ने मंत्रोच्चारण कर किया। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने विद्यार्थियों को भगवान राम व हनुमान के जीवन के बारे में बताया। कहा कि हनुमान जी भगवान रात के सच्चे सेवक थे। मां सीता की खोज के लिए हनुमान जी ने अहम भूमिका निभाई। कहा कि हमें अपने ग्रंथों का भी अध्ययन करना चाहिए। कक्षा छह व सात के विद्यार्थियों ने श्री राम स्तुति के साथ ही हनुमान अष्टक पर संस्कृतिक प्रस्तुति दी। राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की वेशभूषा में पहुंचे विद्यार्थियों ने सभी को अपनी ओर मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर वरिष्ठ आचार्य भूपेंद्र सिंह, शिवराम बडोला, राजन कुमार, मोहन सिंह, चंद्रप्रकाश, मधुबाला नौटियाल, संगीता रावत, सरोज नेगी, नंदिनी नैथानी, विनीता बिष्ट, संगीता कुकशाल, प्रेरणा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सहकारिता से किसानों को हो रहा लाभःधन सिंह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः कैबिनेट मंत्री डा.धन सिंह रावत ने रविवार को श्रीनगर विधानसभा के थलीसैंण में कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने चाकीसैंण में सहकारिता महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

रविवार को थलीसैंण में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में 49.52 लाख की लागत से मुख्य द्वार, चारदीवारी सहित अन्य मरम्मत कार्यों का लोकार्पण किया। कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पैठाणी के बगेली गांव स्थित अमृत सरोवर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बिडोली गांव मोटर मार्ग के डामरीकरण और उल्ली–थान गांव मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। कहा कि सरकार हर गांव को मोटर मार्ग से जोड़ने के लिए काम किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। वहीं, चाकीसैण में सहकारिता से महिलाओं एवं अनुसूचित वर्ग का सशक्तिकरण थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभांरभ करते हुए सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारिता में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।कहा कि अकेले पौड़ी जिले में वर्ष 2024 में 1023 किसानों से 18 सेंटरों द्वारा 5476.860 कुंतल, 4290 रुपये की दर पर खरीद की गई है। पूरे प्रदेश में जनपद पौड़ी गढ़वाल मिलेट्स उत्पादन में इस बार तीसरे नंबर पर रहा है। उन्होंने हर ग्राम सभा स्तर पर 10–10 माता बहनों को लखपति दीदी बनाने और पूरे जिले में 50 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य भी अफसरों को दिया। इस दौरान उन्होंने 13 महिलाओं एक–एक लाख और दो-दो लाख के जीरो प्रतिशत ब्याज पर चेक वितरित किए। इसके साथ ही दुर्गम क्षेत्र में ऑर्गेनिक मिलेट्स उत्पादन क्षेत्र में महिला शक्ति सम्मान से 9 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व तीन महिला सहायता समूह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक डीसीबी कोटद्वार आनंद रावत, पूर्व अध्यक्ष यूसीएफ मातबर सिंह रावत, पूर्व अध्यक्ष डीसीबी कोटद्वार नरेंद्र रावत, पूर्व डायरेक्टर डीसीबी कोटद्वार कौशल्या देवी, मंडल अध्यक्ष पैठानी विजय रौथाण, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, संजय रावत, नरेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।



## जल्द मिलेगा जन औषधि केंद्र का लाभ

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय संयुक्त उप जिला चिकित्सालय में शीघ्र ही मरीजों को जन औषधि केंद्र का लाभ मिल पायेगा। अस्पताल प्रशासन ने जन औषधि केंद्र के संचालन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। केंद्र के संचालन के बाद मरीजों को कम दामों पर दवाइयां अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध हो जायेगी। बता दें कि रेलवे द्वारा निर्मित संयुक्त उप जिला अस्पताल का रेलवे द्वारा नया भवन बनाने के बाद से ही जन औषधि केंद्र का संचालन बंद हो गया था। विगत तीन सालों से यहां अस्पताल में जन औषधि केंद्र का संचालन न हो पाने से मरीज भी परेशान थे। मरीजों को महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदनी पड़ रही है। जबकि, केंद्र में सस्ते दामों पर जेनरिक दवाइयां उपलब्ध हो जाती थी। स्थानीय लोगों के साथ मरीज भी लंबे समय से जन औषधि केंद्र के संचालन की मांग कर रहे हैं। अस्पताल के चिकित्साधिकारी डा विमल गुसांई ने बताया कि जन औषधि केंद्र के संचालन को लेकर प्रक्रिया तेजी से चल रही है।




बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती की हार्दिक शुभकामनायें

श्रीमती गीता सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
अम्बेडकर मंच
उत्तराखण्ड
9927238087



## संक्षिप्त समाचार

### स्कूटर पर सवार स्टंट करने वाले पांच गिरफ्तार

देहरादून। एक स्कूटर पर सवार होकर पांच युवकों ने स्टंट किया। आरोपियों का स्कूटर सीज करने के साथ ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप रावत ने बताया कि इस घटना का हाल में वीडियो वायरल हो रहा है। उन्होंने बताया कि पांच युवकों ने मालदेवता क्षेत्र में यह वीडियो एक अप्रैल को बनाया था। पुलिस ने उसकी दिन पांचों युवकों को पकड़ा। उनके खिलाफ सार्वजनिक स्थल पर स्टंटबाजी और दूसरों के जीवन को खतरे में डालने के आरोपी में कार्रवाई की गई।

### लोकदल की महानगर कार्यकारिणी का विस्तार

देहरादून। राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि भगवान सिंह बिष्ट को महानगर उपाध्यक्ष, पिंकी अग्रवाल, राकेश जोशी, मोहिनी चौधरी और आशा बिष्ट को महासचिव, दिनेश जोशी को मीडिया प्रभारी, बलबीर सिंह, उज्ज्वल नायक, मुन्नी नागल, रीमा ठाकुरी, दीपा थापा, रेखा बिष्ट को महानगर सचिव नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में अर्जुन सिंह खत्री, उपेंद्र यादव, सुरेश पाल, जय नारायण, संतोष यादव, मित्रसेन, मनोज चौहान, इशु, मनीषा, सूरज बिष्ट, श्यामलाल कांबोज, सौरव भारद्वाज, पल्लवी देवी और सलीना शाही शामिल हैं।

### प्रवासन और सामाजिक परिवर्तन पर की गई चर्चा

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रवासन और सामाजिक परिवर्तन पर चर्चा की गई। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में धनोल्टी के विधायक प्रीतम सिंह पंवार व मैती आंदोलन के संस्थापक पद्मश्री कल्याण सिंह रावत और ग्रामीण विकास और पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. शरद सिंह नेगी उपस्थित रहे। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. दिनेश कुमार ने प्रवासन के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर चर्चा की। एसडीएसयूवी कैंपस के प्रो. पीके सिंह ने प्रवासन के प्रभावों को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। डॉ. तनु मित्तल ने प्रवासन के कारणों और परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. रवीव कौशिक ने प्रवासन के संदर्भ में शिक्षा और कौशल विकास की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. मनीष कुमार अस्थाना (आईआईटी रुड़की) ने प्रवासन के तकनीकी पहलुओं और इसके प्रभावों पर चर्चा की। इस मौके पर डॉ. श्रुति सेन गुप्ता, डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी, डॉ. कल्पना पंत, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, संगोष्ठी की संयोजक डॉ. गुलनाज फातिमा, प्राध्यापिका डॉ. संगीता कैंतुरा आदि शामिल रहे।

### ओम योगी का चयन इंटरनेशनल रिकार्ड अवार्ड के लिए

नई टिहरी। केन्द्रीय संस्कृत विवि के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के योग छात्र विशाल भारद्वाज आगामी 20 अप्रैल को अमृतसर पंजाब में इंटरनेशनल रिकॉर्ड अवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे। ओम योगी नाम से प्रसिद्ध विशाल भारद्वाज को इंटरनेशनल बुक आफ रिकॉर्ड की ओर से यह अवार्ड दिया जायेगा। अवार्ड समिति के सीईओ पंकज विग के अनुसार ओम योगी ने बहुत कम आयु में योग के क्षेत्र में दो अंतराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाये हैं। जो पूरे भारत का गौरव बढ़ाने वाला है। ओम योगी ने विश्व स्तर पर 2 घण्टे, 9 मिनट, 29 सेकंड एवं 33 मिनट 36 सेकंड का पद्म शीर्षासन का रिकॉर्ड बनाया हैं। किशनपुर बराल गाँव हरियाणा निवासी विशाल भारद्वाज योग क्षेत्र में अभी तक 85 मेडल, 45 ट्रॉफी, योग रत्न, प्राइड आफ इंडिया आदि पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। परिसर के निदेशक प्रो पीबी वी सुब्रह्मण्यम ने ओम योगी का चयन अंतराष्ट्रीय अवार्ड के लिए होना देवप्रयाग परिसर के लिए गर्व का बिषय बताया है।

### टिहरी में खेती–किसानी पर बढ़ते संकट पर चर्चा की

नई टिहरी। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) की जनपद टिहरी इकाई की ग्राम कमेटी किरगणी में विभिन्न मसलों पर चर्चा करते हुए संगठन के इतिहास, भविष्य के कार्यभार और खेती–किसानी के उत्तरोत्तर बढ़ते संकट पर चर्चा की। संगठन के कैम्प कार्यालय नई टिहरी में जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा ने संगठन का झंडा फहराया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत के नेतृत्व में संगठन और किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने श्री गुरु सिंघा सभा गुरुद्वारा में श्रद्धापूर्वक माथा टेका



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर आज डोईवाला स्थित श्री गुरु सिंघा सभा गुरुद्वारा में श्रद्धापूर्वक माथा टेका और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की प्रार्थना की।

इस अवसर पर उन्होंने गुरबाणी का श्रवण किया और गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित संगत को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि आज का दिन अत्यंत सौभाग्यशाली है, क्योंकि यह खालसा सृजन दिवस भी है। उन्होंने कहा कि गुरुओं द्वारा उच्चारित बाणी, जिसे श्री गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित किया गया है, हमारे जीवन के लिए एक महान मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के 'एकम' शब्द ने हमें एकता और अखंडता का जो मूल मंत्र प्रदान किया है, उसे हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

### शनि सेना समिति का जागरण 19 को

देहरादून। शनि सेना सेवा समिति के 19 वें शनि जागरण व भंडारे को लेकर समिति की बैठक रविवार को शिवाजी धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें तैयारियों पर चर्चा करते हुए समिति अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार श्री शनि जागरण भजननों की प्रस्तुति के लिए विशेष रुप से मध्य प्रदेश की गायिका जोड़ी अधिष्ठा और अनुष्का दून आएंगी। दूसरे भजन गायक के रुप में दिल्ली से प्रेम मेहरा, पानीपत की गायिका सविता राघव, पूजा लक्खा भी आएंगे। समिति सदस्य केवल पुंडीर ने बताया कि योगम्बर पोली, सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप की भी विशेष प्रस्तुति होगी। शनि जागरण 19 अप्रैल को होगा जिसका समापन 20 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा। मौके पर संजीव सिंघल, सतीश कश्यप, मनमोहन जायसवाल, लोकेश सकलानी, विशाल शर्मा, ललित माटा, नवीन सिंघल, कुलदीप त्यागी, मनोज कुमार, विरल चौहान, निशु गुप्ता मौजूद रहे।

# 'प्रमाण योद्धा पुस्तक में समाहित है कोराना योद्धाओं का संघर्ष

देहरादून। हिन्दी साहित्य समिति और सतश्द्धा ट्रस्ट की ओर से हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राकेश बलूनी की रचित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। विमोचन मुख्य अतिथि चिकत्सा शिक्षा के निदेशक प्रो. आशुतोष सयाना और हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विनय सिंह ने किया। जिन दो पुस्तकों का विमोचन हुआ हैं, प्रणाम योद्धा (उपन्यास)और प्रथम गुप्तचर भू मण्डल का(खण्ड काव्य) हैं। मुख्य अतिथि प्रोफेसर सयाना ने कहा कि डॉ. बलूनी का साहित्य पाठक को जहां एक ओर प्रेम और विश्वास के गीत, कविता पढ़ने को मजबूर करता है। वहीं, दूसरी ओर गंभीर पौराणिक महत्व के विषयों की जानकारी भी उपन्यास और खण्ड काव्य के माध्यम से पाठकों को देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान चिकित्सकीय सेवा से जुडें डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ और तमाम कोरोना योद्धाओं के संघर्ष, त्याग, सेवा और समर्पण की छोटी छोटी घटनाओं को पिरोकर एक पुस्तक के रूप में प्रणाम योद्धा में कुशलतापूर्वक संकलित किया है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि असीम शुक्ल, कथाकार जितेन ठाकुर, डॉ. सविता मोहन, डॉ. विद्या सिंह, डॉ. मुनीराम सकलानी, डॉ. लक्ष्मण सिंह बिष्ट, जसवीर हलधर, श्याम सिंह श्याम, हेमवती नंदन कुकरेती, पुष्पलता ममगाईं, उम्रा झा, कविता बिष्ट, डॉ. क्षमा कौशिक, डाली डबराल, संगीता शाह, शिवमोहन सिंह, निशा रस्तोगी, शकुंतला ईष्टवाल, रजनीश त्रिवेदी, कृष्ण दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विवेक नौटियाल और दर्शन फर्स्वाण के गीतों पर दर्शक थिरके

चमोली। रविवार से कर्णप्रयाग में तीन दिवसीय बैसाखी धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं विकास मेला शुरू हो गया है। नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित मेले में सुबह कर्ण मंदिर परिसर में पैरूल देवता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने कर्ण मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली और भजन कीर्तन किए। मेले के पहले दिन महिला मंगल दलों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं, सांस्कृतिक संध्या में विवेक नौटियाल और दर्शन फर्स्वाण संस्कृति पर आधारित बेहतरीन गीतों व लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। मुख्य बाजार में हो रहे मेले का उदघाटन विधायक अनिल नौटियाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है। सुबह कर्ण मंदिर परिसर से मेला मंच तक स्कूली बच्चों और यूथ फिजीकल एकेडमी के युवाओं की ओर से रैली निकाली गई। महिलाओं ने नंदा राजजात की भव्य प्रस्तुति देकर नौटी से होमकुंड तक की यात्रा का सजीव चित्रण किया। मेले में महिला मंगलदल कीर्तन मंडली एवं समूहों के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिला मंगल दलों के कार्यक्रमों को देखने के लिए पाडली, ईडाबधाणी, रिठोली, सिमली, कर्णप्रयाग सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे। उन्होंने देर शाम तक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों को देखा और तालियां बजाकर कलाकारों की सराहना की।

### यात्रा तैयारियों को लेकर की बैठक

चमोली। चारधाम यात्रा की तैयारियों के मद्देनज़र गोपेश्वर में रविवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी होटल, रैन बसेरा, होम स्टे और लॉज के स्वामियों और संचालकों की आवश्यक बैठक की। इस बैठक में, थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने आवश्यक दिशा–निर्देशों से सभी को अवगत कराया। बताया कि सभी होटल मालिक और संचालक अपने प्रतिष्ठानों का पंजीकरण आगंतुक काउंटर पर चस्पा करेंगे। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सभी होटल, होम स्टे और रेस्टोरेंट में वॉयस रिकॉर्डर वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। आगंतुक रजिस्टर में प्रत्येक ठहरने वाले यात्री या समूह में आने वाले सभी यात्रियों का पहचान पत्र (आईडी) लिया जाएगा और उनका पूरा विवरण, वाहन संख्या सहित, रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। साथ ही रेट लिस्ट को रिसेप्शन पर प्रदर्शित करेंगे। यात्रियों के आगमन और प्रस्थान का समय और दिनांक सहित एंट्री रजिस्टर में दर्ज की जाएगी।

### जाखणी में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

श्रीनगर गढ़वाल। हनुमान जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कीर्तिनगर खंड द्वारा जाखणी गांव में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं के साथ ग्रामीणों ने प्रतिभाग करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर मौजूद भक्तों को हनुमान चालीसा पुस्तिका और प्रसाद वितरित किया। आरएसएस की कीर्तिनगर खंड इकाई के कार्यवाहक पंकज उनियाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में भक्ति भावना, संस्कार और हिंदू संस्कृति के प्रति आस्था को जागृत करना रहा। संघ की ओर से यह भी घोषणा की गई कि अब कीर्तिनगर खंड में हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, जिससे समाज में धार्मिक चेतना और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

## मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यः तीरथ



श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास कार्य किये जा रहे हैं, जो कि 2047 तक आने वाले भारत का स्वर्णिम युग होगा और एक बार पुनः सभी लोग भारत को सोने की चीड़िया के नाम से जानेंगे। रावत ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रत्येक गांव को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। रविवार को भाजपा मंडल कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में ट्रेन पहाड़ चढ़ रही है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य त्रीवता से हो रहा है। परियोजना के कार्य पूर्ण होने के बाद उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के साधान उपलब्ध होंगे, जिससे पलायन पर रोक लगने के साथ ही लोगों को इसकी पूरी सुविधा मिलेगी। रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बदरीनाथ मंदिर का कायाकल्प किया जा रहा है। इस दौरान रावत ने यूसीसी के तहत लिव इन रिलेशनशिप पंजीकरण को लेकर कहा कि लिव इन रिलेशनशिप को लेकर बातचीत का दौर चलेगा। कहा कि इसमें अच्छाई है तो बुराई भी है। कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, परंपराएं थोड़ी अलग है, ऐसे में लिव इन रिलेशनशिप पर विचार किया जाना चाहिए। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत के अवैध खनन के बयान पर पूर्व गढ़वाल सासंद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि जहां गलत हो रहा है वहां जरूर कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा डा. सुधीर जोशी, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, भाजपा की मेयर प्रत्याशी आशा उपाध्याय, खिर्सू ब्लॉक की प्रशासक भवानी गायत्री, संजय गुप्ता, जिला व्यापार सभा अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, जगमोहन नेगी, पंडित भाष्करानंद अंथवाल, कुशलानाथ, प्रमिला भंडारी, विजयलक्ष्मी रतूड़ी, पूजा गौतम, अंजना डोभाल, ललिता नेगी, शांति भट्ट, रेखा रावत, प्रकाश सती, नेत्र सिंह रावत, गणेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# नंदादेवी राजजात यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए चमोली प्रशासन ने कमर कसी

चमोली। उत्तराखंड में नन्दादेवी राजजात को सुव्यवस्थित बनाने के लिए चमोली प्रशासन ने कमर कस ली है। 2026 में प्रस्तावित इस यात्रा के शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने पर विशेषतौर से फोकस किया गया है। चमोली जिलाधिकारी डॉ संदीप तिवारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर नन्दा देवी राजजात की प्रशासनिक तैयारियां पर तेजी से कार्य करने के आदेश दिये हैं। तिवारी ने यात्रा तैयारियां को लेकर कई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की है। संबंधित अधिकारियों को यात्रा तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्माण और मूलभूत कार्यों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि समय रहते ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए।

**नन्दादेवी राजजात के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां**

नन्दादेवी राजजात विश्व की सबसे लंबी और ऊंचाई तक पहुंचने वाली धर्म और आस्था की यात्रा है,यात्रा में यात्री 275 किलोमीटर की दूरी तय करते है और 17,500 मीटर की ऊँचाई तक पहुंचते हैं

पड़ाव और व्यवस्थाएंः जिलाधिकारी द्वारा यात्रा तैयारी को लेकर आयोजित बैठकों में यात्रा के सभी पड़ावों पर सड़क, बिजली, पानी, शौचालयों और पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उरेडा विभाग को पड़ावों के साथ–साथ यात्रा मार्ग पर भी सोलर लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रस्ताव और तैयारियांः यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित विभिन्न बैठकों में विभागों को 2 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों की सूची 10 अप्रैल तक जमा करने के निर्देश दिए गए थे। जिला पर्यटन अधिकारी बृजेश पांडेय ने बताया कि 10 अप्रैल से पूर्व ही 641 प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्राप्त हो चुके हैं।प्रशासन की तैयारियों पर प्रतिक्रियाः देबाल विकास खंड के निवर्तमान ब्लाक प्रमुख एव प्रशासक दर्शन दानू ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिलाधिकारी संदीप तिवारी की तैयारियों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यात्रा का अधिकांश भाग थराली व देबाल विकास खंडों में होना है, और प्रशासन की तैयारियां उत्साहवर्धक हैं।सीएम धामी ने दिए सख्त निर्देशः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2026 में होने वाल राजजात यात्रा को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजजात यात्रा उत्तराखंड की संस्कृत विरासत का जीवंत रूप है। यह यात्रा यहां के लोगो की आस्था और परंपराओं का अनुपम संगम है। सरकार इस यात्रा को भव्य और सुरक्षित रूप में संपन्न करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल। शराब पीकर वाहन चलाने पर कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। श्रीकोट चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला ने बताया कि शनिवार देर रात्रि कलियासौड़ के पास चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर रुद्रप्रयाग निवासी के खिलाफ मोटरव्हिकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर वाहन को सीज किया गया।

### घटिया निर्माण पर छात्र नेता ने जताई नाराजगी

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए छात्र नेता अतुल सती ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने निर्माण में लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीर बताया है और त्वरित जांच व कार्रवाई की मांग की है। कुलपति प्रो. एमएमएस. रौथाण को सौंपे गए ज्ञापन में छात्र नेता ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिस प्रवेश द्वार का निर्माण करवा रहा है, वह गौरवशाली परंपरा और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का प्रतीक होना चाहिए। लेकिन निर्माण की शुरुआत से ही कार्य में लापरवाही दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को सौंपी गई है, लेकिन निर्माण में न तो गुणवत्ता मानकों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही तकनीकी सावधानियों का।

## श्रीनगर में तीन दिवसीय महिला प्राथमिक शिक्षा वर्ग शुरू

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्र सेविका विकास समिति के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, श्रीनगर में तीन दिवसीय महिला प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शुभारंभ रविवार को हुआ। यह वर्ग 14 अप्रैल, सोमवार तक चलेगा।सर्व व्यवस्था प्रमुख कृष्णा भट्ट ने बताया कि इस वर्ग में महिलाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न विधाओं–दंड योग, व्यायाम योग, नियुद्ध, जूडो–कराटे–का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

साथ ही जीवन को अनुशासित बनाने के लिए गण क्षमता, यष्टि अभ्यास तथा खेलकूद की गतिविधियाँ भी कराई जा रही हैं।वर्ग में पौड़ी, रुद्रप्रयाग और संगठनात्मक दृष्टि से देवप्रयाग जिले से कुल 55 महिलाएं भाग ले रही हैं। वर्ग का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है।दोपहर में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने वर्ग स्थल का दौरा किया और प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय के कक्षा–कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रधानाचार्य गोविंद की प्रशंसा की। रावत ने कहा कि विद्यालय की व्यवस्था और कक्षाओं को देखकर स्पष्ट होता है कि यहां बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा दी जा रही है।वर्ग को सफल बनाने में नगर कार्यवाहिका किरन भट्ट, देवप्रयाग जिला कार्यवाहिका डॉ. रक्षा रतूड़ी, नगर बौद्धिक प्रमुख आरती थपलियाल, मुख्य शिक्षिका आरती राणा, सह शिक्षिका मीनाक्षी गैरोला, तथा शिक्षिकाएं हिमांशी बमराड़ा और अनन्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यमुनोत्री पैदल मार्ग पर जिपं ने घटाया रसीद शुल्क

उत्तरकाशी। यमुनोत्री पैदल यात्रा मार्ग में यात्रियों को ले जाने के लिए जिला पंचायत ने मजदूरों की मजदूरी में 1000 रुपये का इजाफा कर 2500 के स्थान पर 3500 रुपये कर दी है। तो वहीं प्रति चक्कर जिला पंचायत द्वारा मजदूरों से ली जाने वाले व्यवस्था शुल्क को 100 रुपये कम कर दिया गया है। प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा आरम्भ होने जा रही है, जिसके लिए सभी सम्बंधित विभाग यात्रा तैयारियों में जूट हुए हैं। यात्रा से जुड़े व्यवसायी भी अपनी अपनी तैयारी में लगे हुए हैं। यात्रा मार्ग पर जिला पंचायत द्वारा भी तैयारियां की जा रही हैं। जिला पंचायत प्रशासक दीपक बिजलवाण ने सामाजिक कार्यकर्त्ता महावीर पंवार व क्षेत्र वासियों की मांग के अनुरूप यमुनोत्री धाम में डंडी–कंडी, घोड़ा–खच्चर के लिए प्रतिदिन व प्रति चक्कर दी जाने वाली मजदूरी की धनराशि में बढ़ोतरी कर मजदूरों को बड़ी राहत दी है। अभी तक जानकी चट्टी से यमुनोत्री तक मजदूरों को ढाई हजार रुपये मजदूरी दी जाती थी, जिसमें एक हजार रुपये की बढ़ोतरी कर अब साढ़े तीन हजार रुपये की गईं है। वही दूसरी ओर प्रति चक्कर जिला पंचायत मजदूरों से ढाई सौ रुपये की रसीद काटता था। जिसे अब सौ रुपये घटाकर डेढ़ सौ रूपये कर दिया गया है।

सामाजिक कार्यकर्त्ता महावीर पंवार का कहना है कि चारधाम यात्रा के प्रथम धाम श्री यमुनोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले हजारों मजदूरों, घोड़ा,खच्चर, डंडी, कंडी चालकों को हमारे विशेष आग्रह पर दीपक बिजलवाण जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक उत्तरकाशी ने हजारों मजदूरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझ कर महसूस किया और मजदूर भाइयों पर व्यवस्था शुल्क को कम करने का निर्णय लिया है। कहा कि जिला पंचायत ने यह अच्छा फैसला लिया गया है। जबकि यमुनोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं में रोटेशन व्यवस्था में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने यमुनोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं पर लगे हजारों घोड़े खच्चर डंडी कंडी मजदूर भाइयों की तरफ से दीपक बिजलवाण जिला पंचायत अध्यक्ष /प्रशासक उत्तरकाशी का आभार व्यक्त किया।

### आर्च ब्रिज का कार्य जल्द करें पूराः दीपक

उत्तरकाशी। चिन्यालालीसौड़ व देवीसौड़ को जोड़ने वाले आर्च ब्रिज के मरम्मत कार्यों में हो रही देरी पर जिला पंचायत प्रशासक दीपक बिजल्वाण ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को अविलम्ब कार्य पूरा करने के आदेश दिए हैं। रविवार को जिला पंचायत प्रशासक दीपक बिजल्वाण ने आर्च ब्रिज में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया और पुल पर चल रहे डामरीकरण सहित अन्य मरम्मती करण कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। कहा कि यह पुल गमरी–दिचली पट्टी से लेकर नगर पालिका क्षेत्र चिन्यालीसौड़ और आस–पास गांव को जोड़ने वाल मुख्य मोटर पुल है। कहा कि पुल पर आवागमन बंद होने से आम जनमानस के भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोनिवि के अधिकारियों से वार्ता कर पुल को अविलंब यातायात के लिए खोल दिए जाने की बात कही।

## कलस्टर स्कूलों के लिए स्कूल बसों का संचालन हुआ शुरू

उत्तरकाशी। उतरकाशी जिले के 15 कलस्टर विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को परिवहन सुविधा महैया करवाए जाने के लिए जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट की मुहिम रंग लाई है।

करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई, इन स्कूल बसों का संचालन शुक्रवार से विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इन सभी बसों को जीपीएस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिले के 15 प्राथमिक विद्यलयों के लिए जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद एवं अन्टाइड फण्ड से 03 करोड़ की धनराशी खर्च कर 15 बस क्रय की थी। जिनको सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गत 18 मार्च को देहरादून से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था ।

इसके बाद बसों के पंजीकरण जीपीएस सिस्टम सहित अन्य प्रक्रिया पूरी की गई और शुक्रवार को सभी ब्लॉकों में बसो का संचालन शुरू करवा दिया गया। बसों का संचालन होने के बाद सरकारी स्कूलों में आने वाले बच्चे अब बस पर स्कूल पहुंच रहे हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोठियाल ने बताया कि जिले के नौगांव में 05, भटवाडी और डुण्डा के लिए 03–03, पुरोला के लिए 02 तथा चिन्यालीसौड व मोरी के लिए 01–01 बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिनका संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया है। बताया कि विद्यालयों में घटती छात्र संख्या और गुणवत्ता शिक्षा की ओर शिक्ष विभाग निरंतर सार्थक प्रयास करने पर लगा है। सभी विद्यालयों में छात्र संख्या बढाने के लिए प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। निजी स्कूलों की तर्ज पर छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रचार–प्रसार का प्रयोग किया जा रहा है।

# केवलानंद धौनी अध्यक्ष और अनिल बने महामंत्री

बागेश्वर। डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन की जिला इकाई अधिवेशन संपन्न हो गया है। जिला कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में केवलानंद धौनी अध्यक्ष तथा अनिल मेहरा जनपद मंत्री निर्विरोध बनाए गए। पदाधिकारियों ने पद तथा गोपनीयता की शपथ ली। स्थानीय एक होटल में आयोजित अधिवेशन में फार्मासिस्टों ने समस्याओं पर चर्चा की। नई जिला कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श किया। लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। जिला कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में प्रेमा साह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक सिंह उपाध्यक्ष, दीवान राम संगठन मंत्री, रमेश गिरी संयुक्त मंत्री, सुनील टम्टा कोषाध्यक्ष तथा रमेश चंद्र आर्य संप्रेक्षक बनाए गए।



चुनाव अधिकारी डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन उत्तराखंड के कुमाऊ मंडल अध्यक्ष गजेंद्र कुमार पाठक, सचिव प्रेम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष दिगंबर सिंह रावत की देखरेख में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ।

## योग व खेल के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरुक

उत्तरकाशी। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

रविवार को रामचंद उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग और खेल के माध्यम से मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा योग व खेल में प्रतिभाग कर युवाओं को जागरूक मतदाता के रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर स्वीपक कार्यक्रम के प्रभारी डा. शंभू प्रसाद नौटियाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने–अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें और लोकतंत्र में सब की भागीदारी सुनिश्चित कराने मे सहयोग करें। उन्होंने निवार्चन साक्षारता क्लब में फार्म 6, फार्म 7 व फार्म 8 की जानकारी के साथ निर्वाचन आयोग के सक्षम एप तथा केवाईसी एप की जानकारी भी दी ।

वहीं सभी यूथ मतदाताओं को स्वीप टीम द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ 81 वर्ष के सेवानिवृत्त शिक्षक रणवीर सिंह रावत, स्वीप के जनपदीय प्रभारी डॉ. शम्भू प्रसाद नौटियाल, साक्षरता क्लब के नोडल प्रभारी डॉ. पबेन्द्र सिंह जयाड़ा तथा नवीन यूथ मतदाता उपस्थित थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com